# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (25.05.2025)**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 25.05.2025, PAGE-06**

## संबद्धन को लेकर स्नातक में नामांकन की तिथि फिर बढ़ी

- विवि में कॉलेजों के संबद्धन की चल रही प्रक्रिया
- 12 कॉलेज के संबद्धन का प्रस्ताव सीनेट से है पास

मुजफ्फरपुर, प्रसं। स्नातक डिग्री कॉलेजों के संबद्धन को लेकर स्नातक में नामांकन की तिथि 15 दिन और बढ़ाई गई है। इससे पहले भी 30 तई तक तिथि बढ़ाई गई थी। पहले नामांकन की तिथि 15 मई तय की गई थी।

बीआरएबीयू में कॉलेज के संबद्धन को लेकर प्रक्रिया चल रही है। 12 कॉलेजों के संबद्धन को लेकर सीनेट से प्रस्ताव पास कर भेजा जा चुका है। 70 कॉलेज का संबद्धन लटका हुआ है। नए संबंद्ध कॉलेजों के जुड़ने से सीटों में भी इजाफा होगा। स्नातक में इसबार पौने दो लाख सीटों पर नामांकन के लिए आवेदन लिया जा रहा है। पिछले साल 131 कॉलेजों में नामांकन लिया गया था। कॉलेजों के बढ़ने से बीआरएबीयू सूबे में सबसे अधिक कॉलेज वाला विवि बन गया है। उच्च शिक्षा निदेशक ने नामांकन की अवधि को 15 दिनों बढ़ाने का निर्देश दिया है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:25.05.2025, PAGE-06

## फोर्थ सेमेस्टर का सिलेबस बनाने को समिति बनी

**एइसी**

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के एइसी-फोर्थ सेमेस्टर का सिलेबस बनाने को समितियों का गठन किया गया है। एबिलिटी एनहांसमेंट कोर्स (एइसी) के विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रम का यह समिति निर्माण करेगी।

बीआरएबीयू में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के एबलिटी इनहासमेंट कोर्स का आलम यह है कि फोर्थ सेमेस्टर शुरू है मगर अबतक इसका पाठ्यक्रम नहीं बना है। पाठ्यक्रम के निर्माण के लिए कुलपति द्वारा समितियां बनाई गई है।

इन समितियों को जल्द से जल्द पाठ्यक्रम बनाने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया गया है।

**ये हैं समिति के सदस्यः** एनएसएसः डॉ अनुराधा पाठक (एनएसएस संयोजक), डॉ. सौरभ राज (मनोविज्ञान विभाग, आरडीएस कॉलेज), डॉ. अनिता कुमारी (विश्वविद्यालय, अर्थशास्त्र विभाग), डॉ. राजेश कुमार (रसायन विभाग, आरडीएस कॉलेज)।

**सामाजिक सेवाः** डॉ. आर्य प्रिया (समाजशास्त्र विभाग, नीतीश्वर कॉलेज, एमयू), डॉ. गौतम चन्द्रा (विश्वविद्यालय, इतिहास विभाग), डॉ. चौधरी साकेत कुमार (विश्वविद्यालय, कॉमर्स विभाग), डॉ. सुशांत कुमार (विश्वविद्यालय, हिन्दी विभाग)।

**एनजीओः** प्रो. रामकुमार (विवि, रसायन विभाग), आलोक कुमार (अर्थशास्त्र विभाग, एलएस कॉलेज), डॉ. रजनीकांत पाण्डेय (राजनीति विज्ञान विभाग, आरडीएस कॉलेज), डॉ. शिरीन हयात (विश्वविद्यालय, भूगोल विभाग)।

**खेलः** प्रो. रंजना कुमारी (विवि, वनस्पति विज्ञान विभाग), डॉ. कांतेश कुमार सिंह (विश्वविद्यालय, राजनीति विज्ञान विभाग), डॉ. विनोद बैठा (विश्वविद्यालय, कॉमर्स विभाग), डॉ. सजीदा अंजुम (अर्थशास्त्र विभाग, लंगट सिंह कॉलेज)।

## 27, 28 और 31 की विशेष परीक्षा बढ़ी

**मुजफ्फरपुर।** बीआरएबीयू में 27, 28 और 31 मई को होनेवाली पार्ट टू की विशेष परीक्षा स्थगित कर दी गई है। यह परीक्षा अब जून में होगी। विवि प्रशासन ने इसे लेकर सभी कॉलेजों को निर्देशित कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि इन तिथियों की परीक्षा अब 12, 13 और 14 जून को होगी।